हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, समय...



07 आग से नाराज व्यापारियों ने दुकानें बंद की, विरोध प्रदर्शन किया...



खबर संक्षेप

जन्म-मृत्यु पंजीयन के नियमों में बदलाव

सीहोर। जन्म एवं मृत्यु पंजीयन को लेकर शासन ने महत्वपूर्ण बदलाव किया है। जन्म और मृत्यु पंजीयन संशोधन अधिनियम 2026 के नए प्रावधान 1 अक्टूबर से लागू हो गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) जिला सीहोर द्वारा जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। नए प्रावधान के अनुसार एक वर्ष के बाद लेकिन दो साल के भीतर जन्म या मृत्यु का पंजीयन कराने के लिए पूर्व प्रक्रिया के अनुसार अधिकृत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (तहसीलदार/नायब तहसीलदार) आदेश जारी कर सकेंगे। वहीं दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर पंजीयन के लिए केवल प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट को आदेश जारी करने का अधिकार होगा। कलेक्टर कार्यालय ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ सभी उप रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं ग्राम पंचायत सचिवों को संशोधित प्रावधानों के अनुसार निर्देश जारी करें तथा जिला रजिस्ट्रार को इसकी सूचना उपलब्ध कराएं।

जिपं की सामान्य सभा की बैठक 12 को

सीहोर। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 12 अक्टूबर को 3 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रस्तावित है। सामान्य सभा के प्रारंभ में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 16वें वित्त कि कार्ययोजना तैयार करने के संबध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कर्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 9 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे इछावर तहसील के ग्राम सेमली जदीद पहुंचेंगे। वे यहां मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में शामिल होंगे और नागरिकों से संवाद करेंगे।

नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत जेल में कार्यक्रम किया आयोजित

सीहोर। महात्मा गांधी की 157 जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत जिला जेल सीहोर में बंदियों के लिए नशा मुक्ति पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 बंदियों द्वारा भाग लिया गया इस अवसर पर उपजेल अधीक्षक दिलीप नायक एवं जेल स्टाफ उपस्थित था।

तीन महीने में तीन बार सड़कों पर उतरे नागरिक, चक्काजाम के बाद ही जागे जिम्मेदार

सीहोर में नया ट्रेंड: बगैर मुखर हुए और धरना प्रदर्शन किए बिना नहीं हो रहे जनहित के काम

हर बार जब आक्रोशित जनता ने सड़क जाम की, नारेबाजी की या यज्ञ-हवन किया, तभी जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर इन दिनों एक अजीब और चिंताजनक परिपाटी देखने को मिल रही है, बगैर मुखर हुए बगैर चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन किए शहर में बुनियादी काम नहीं होंगे क्या। शहर के आम जनमानस में यह सवाल इसलिए तैर रहा है क्योंकि पिछले तीन महीनों के भीतर तीन अलग-अलग प्रमुख क्षेत्रों के रहवासी जर्जर सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली से तंग आकर सड़कों पर उतर चुके हैं। हर बार जब आक्रोशित जनता ने सड़क जाम की, नारेबाजी की या यज्ञ-हवन किया, तभी जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और आनन-फानन में काम शुरू कराया गया।

नगर पालिका और संबंधित निर्माण एजेंसियों की इस कार्यशैली ने जनता के मन में यह धारणा पक्की कर दी है कि शांतिपूर्ण आवेदनों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का अफसरों पर कोई असर नहीं होता, जब तक की यातायात ठप न कर दिया जाए।

एकतरफा सर्विस रोड का विरोध

28 करोड़ की लागत से बन रहे 700 मीटर लंबे ओवरब्रिज में ब्रिज कॉर्पोरेशन केवल एक तरफ सर्विस रोड बना रहा था। दो दर्जन कॉलोनियों के रहवासियों ने बीच सड़क पर बैठकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सदबुद्धि के लिए हवन-यज्ञ किया और चक्काजाम कर दिया।



सीहोर। प्रदर्शन के बाद मंडी में शुरू हुआ सड़क रिपेयिरंग कार्य।

आश्वासन के बाद खुला जाम

हड़कंप मचते ही प्रशासनिक अधिकारी और विधायक सुदेश राय मौके पर पहुंचे तथा दोनों तरफ सर्विस रोड बनवाने का भरोसा देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। हालांकि अधिकारियों ने डामरीकरण में देरी की वजह ईरान-इजराइल युद्ध के कारण डामर की आपूर्ति प्रभावित होना बताया था।

मामला 1. 7 अक्टूबर: मंडी क्षेत्र में सड़क बदहाल, प्रदर्शन के तुरंत बाद पहुंचे डंपर

बुधवार 7 अक्टूबर को मंडी क्षेत्र के दुकानदारों और नागरिकों का सब्र का बांध टूट गया। माता मंदिर से नरसिंहगढ़ नाका गल्ला मंडी तक की सड़क पर बने जानलेवा गड्ढों और उड़ती धूल से परेशान होकर लोगों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर ही चूरी से भरे डंपर बुलवाकर गड्ढों की पैच रिपेयरिंग शुरू कराई, लेकिन नागरिकों का सवाल अब भी वही है कि इतनी भारी-भरकम राशि से बनी सड़क इतनी जल्दी कैसे उखड़ गई और गुणवत्ता जांच तथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी।



बड़ा सवाल, क्या आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है

तीन महीनों के भीतर घटित इन तीन बड़ी घटनाओं ने नगर पालिका, ब्रिज कॉर्पोरेशन और लोक निर्माण विभाग के कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या प्रशासनिक अमला केवल चक्काजाम के दबाव में ही काम करेगा। गारंटी पीरियड में ही 30 करोड़ की सडक़ उखडऩे पर संबंधित ठेकेदार और इंजीनियरों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। क्या आम नागरिकों को अपने हक की सड़क के लिए बार-बार कानून-व्यवस्था को हाथ में लेने या सड़कों पर बैठने को मजबूर होना पड़ेगा।

मामला 2. जुलाई: सर्विस रोड की मांग को लेकर सदबुद्धि यज्ञ

जुलाई माह में जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड और चाणक्यपुरी कॉलोनी के रहवासियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के कारण आसपास की कॉलोनियों के रास्ते बंद हो गए थे और धूल-कीचड़ ने जीना मुहाल कर दिया था।

मामला 3. जुलाई: कोलीपुरा चौराहे पर चक्काजाम

जुलाई माह में ही बुनियादी सुविधाओं और जर्जर सड़क की अनदेखी से नाराज वार्ड क्रमांक-1 के निवासियों ने शहर के प्रमुख कोलीपुरा चौराहे पर मंगलवार सुबह चक्काजाम कर दिया था। रहवासियों का आरोप था कि हर चुनाव में पक्की सडक़ का वादा किया जाता है, लेकिन चुनाव जीतते ही नेता भूल जाते हैं। बुजुर्ग और बच्चे आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे थे। व्यस्त चौराहे पर जाम लगने से दफ्तर जाने वाले लोग, स्कूली बसें और व्यापारिक वाहन घंटे भर फंसे रहे। पुलिस और नगर पालिका अधिकारियों द्वारा त्वरित सुधार का आश्वासन देने के बाद ही यातायात बहाल हो सका।

मरीज के लिए अस्पतालों में उपलब्ध हैं सभी दवाइयां : विधायक सुदेश राय

टीबी रोग मुक्त ग्राम पंचायत के सरपंचों का अस्पताल में किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरुवार को विधायक सुदेश राय ने टीबी रोग मुक्त ग्राम पंचायत के सरपंचों का सम्मान किया। टीबी रोग मुक्त अभियान को लेकर जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम विधायक सुदेश राय और सिविल सर्जन यूपीएस श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। टीबी रोग मुक्त भारत अभियान के जिला प्रभारी डॉक्टर जागेश्वर दयाल ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपस्थित सरपंचों और टीवी रोग का इलाज करने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिक्षा चिकित्सा और किसान कल्याण को लेकर सक्रिय हैं । मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव टीबी को जड़ से खत्म करने का अभियान चला रहे हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी मरीजों के इलाज के लिए उच्च क्वालिटी की सभी दवाएं उपलब्ध हैं।

विधायक ने देखी भोजन की क्वालिटी : कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय ने विभिन्न चिकित्सा विभाग में पहुंचकर वहां पर मौजूद कर्मचारी और इलाज करने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों से भी व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया। विधायक सुदेश राय ने अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं भोजन की क्वालिटी भी कैंटीन में जाकर देखी। कैंटीन संचालक को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

खेत पर गया था भाई, नहीं लौटा तो देखने पहुंचा, खेत में पड़ी मिली उसकी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रोज की तरह भाई सुबह खेत पर काम करने गया था। दोपहर तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो चिंता हुई और मैं उसे देखने खेत पहुंचा, लेकिन वहां का नजारा देखते ही पैरों तले जमीन खिसक गई। खेत में भाई का लहूलुहान शव पड़ा हुआ था। जिले के भेरूंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले डीमावर गांव में गुरुवार को सामने आई इस दर्दनाक वारदात ने पूरे इलाके को दहलाकर रख दिया।

खेत पर काम कर रहे 42 वर्षीय किसान राजेश यदुवंशी पर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियारों से अचानक हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हमला इतना ताबड़तोड़ और खतरनाक था कि राजेश को संभलने तक का मौका नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से रफूचक्कर हो गए।

भाई ने दी पुलिस को सूचना

काफी देर तक जब राजेश घर नहीं पहुंचे तो उनका भाई उन्हें बुलाने खेत पर गया। वहां का दृश्य देख उसके होश उड़ गए। राजेश खून से लथपथ हालत में बेजान पड़े हुए थे। रोते-बिलखते भाई ने तुरंत गांव वालों को एकत्र किया और पुलिस को सूचना दी। दिनदहाड़े हुई इस नृशंस हत्या की खबर फैलते ही डीमावर गांव में हडक़ंप मच गया और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।



एफएसएल टीम और पुलिस बल ने संभाला मोर्चा : हत्या की सूचना मिलते ही भेरूंदा थाना पुलिस और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना कर फिंगरप्रिंट्स और खून के नमूने समेत अन्य साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। आसपास के खेतों और गांव के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

हत्या की वजह अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी : फिलहाल इस खूनी वारदात के पीछे का कारण साफ नहीं हो सका है। पुलिस पुरानी रंजिश, जमीनी विवाद और अन्य संभावित कोणों से मामले की तफ्तीश कर रही है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं, जो संदिग्धों पर नजर रख रही हैं और मामले की गहन जांच में जुटी हुई हैं। भेरूंदा एसडीओपी रोशन जैन के अनुसार मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल स्थिति संदिग्ध बनी हुई है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

ग्रामीणों में आक्रोश, जल्द गिरफ्तारी की मांग

दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड के बाद से डीमावर और आसपास के इलाकों में दहशत के साथ-साथ भारी आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

ग्राम मेहतवाड़ा में आबकारी विभाग ने अवैध शराब पकड़ी

आरोपी के घर से 62 पेटी देशी और 5 पेटी विदेशी शराब जब्त, 2.74 लाख रुपए कीमत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के ग्राम मेहतवाड़ा में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के घर से बड़ी मात्रा में देशी और विदेशी शराब जब्त की है। कार्रवाई में कुल 601 बल्क लीटर शराब मिली, जिसकी बाजार कीमत 2 लाख 74 हजार 450 रुपए बताई गई है।

आरोपी के घर से मिली 67 पेटी शराब

जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम ने मेहतवाड़ा निवासी रोहित सिंह ठाकुर (29) के घर छापा मारा। तलाशी के दौरान 62 पेटी देशी और 5 पेटी विदेशी शराब बरामद हुई।

आबकारी विभाग के मुताबिक, जब्त शराब की कुल मात्रा 601 बल्क लीटर है। इसकी बाजार कीमत 2 लाख 74 हजार 450 रुपए आंकी गई है।



आरोपी गिरफ्तार, आबकारी एक्ट में केस

मामले में आबकारी विभाग ने रोहित सिंह ठाकुर के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) और 34(2) के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा और संगीता नायक, उपनिरीक्षक रिया जैन और माधव कुण्डल, मुख्य आरक्षक वैभव नागवंशी, आरक्षक रामसखी, शिखा और हिमानी सहित नगर सैनिक और जिला आबकारी दल शामिल रहा।

13 अक्टूबर को लगेगा रोजगार मेला

सीहोर। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत कार्यालय आष्टा में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 1500 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें बैंक असिस्टेंट मैनेजर, कैमिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिस्ट, सेल्स ऑफिसर, राजमिस्त्री, पॉलिशिंग वर्कर, सिविल इंजीनियर, ऑपरेटर, सुपरवाइजर, एचआर, स्टोर इंचार्ज, मैनेजर, आईटीआई फिटर, टेली-कॉलर, एसी मैकेनिक, सीआरपी ऑपरेटर एवं इंग्लिश टीचर सहित विभिन्न पद शामिल हैं। मेले में वाल्वो आयशर इंस्प्राश इंजीनियरिंग, दीपक फास्टनर्स, याजाकी इंडिया, टेक्नोटास्क, वर्धमान फैब्रिक्स, स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस, एनआईआईटी, पुखराज हेल्थकेयर प्रा. लि. भोपाल, फ्रीडम एम्पलॉयबिलिटी एकेडमी, आईटीसी फाइबर इनोवेशन लिमिटेड सहित विभिन्न कंपनियां सहभागिता करेंगी। इच्छुक युवक-युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाण-पत्रों के साथ मेले में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

अग्रसेन जयंती महोत्सव के चतुर्थ दिवस आज सजेगा आनंद मेला



सीहोर। अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के चतुर्थ दिवस आज आनंद मेले का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित इस महोत्सव के तहत होने वाले आनंद मेले को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मेले में समाज के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। आयोजन में समाज की युवतियों एवं महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी भी रहेगी।

मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को युवतियों एवं महिलाओं के लिए नारियल पर गणेश जी सजाओ प्रतियोगिता और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक कौशल और नृत्य कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। प्रतियोगिताओं को रोचक एवं आकर्षक बनाने के लिए आयोजकों द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। उन्होंने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित आनंद मेले में समाजजनों के साथ शहरवासी भी परिवार सहित पहुंचकर विभिन्न व्यंजनों और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आनंद मेले में पहुंचकर कार्यक्रमों का आनंद लें तथा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। आनंद मेले में शामिल होने की अपील करने वालों में अग्रवाल समाज अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, रुक्मणी रोहिला, निलेश जयपुरिया, मोहिनी अग्रवाल, दिलीप रूठिया, अजय अग्रवाल, आशीष गुप्ता एवं संध्या मोदी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हैं।

खबर संक्षेप



विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम में वितरित हुई पुस्तिका

सीहोर। सीहोर में आयोजित सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम के जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित दौरान बदलते दौर का मध्यप्रदेश पुस्तिका का वितरण किया गया। पुस्तिका में सीहोर जिले में हुए विकास कार्यों और विभिन्न क्षेत्रों में आए बदलावों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। पुस्तिका में जिले के आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव के साथ विकास की गाथा को रेखांकित किया गया है। इसमें जिले में हुए विकास कार्यों, उपलब्धियों तथा बदलते सीहोर की तस्वीर को जानकारीपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है। पुस्तिका के माध्यम से आमजन को जिले में हुए विकास और प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

30 विभागों के अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

सीहोर। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल के मार्गदर्शन में, कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सीहोर के निर्देशानुसार बुधवार को ई-दक्ष केंद्र, कार्यालय कलेक्टर, जिला सीहोर में जिला स्तरीय सेवोत्तम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 30 विभागों के सीएम हेल्पलाइन प्रभारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का संचालन सेवोत्तम मास्टर ट्रेनर बबिन मिश्रा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 'सेवोत्तम क्या है एवं इसकी आवश्यकता क्यों है' विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि सेवोत्तम का मूल उद्देश्य शासकीय सेवाओं को अधिक नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी, जवाबदेह, प्रभावी एवं समयबद्ध बनाना है। इसका उद्देश्य केवल शासकीय प्रक्रियाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर सेवा अनुभव उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का प्रभावी ढंग से निराकरण सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण में सीएम हेल्पलाइन, सीपीग्राम्स पोर्टल, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। अधिकारियों को शिकायतों के पंजीयन, समयबद्ध निराकरण, प्रकरणों की मॉनिटरिंग तथा नागरिकों को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि किसी शिकायत का केवल निराकरण दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नागरिक की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना सुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें, राजस्व अधिकारियों को कलेक्टर के सख्त निर्देश

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, समय-सीमा में करें कार्रवाई : कलेक्टर

कलेक्टर बोले : भू-अर्जन और भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें, राजस्व वसूली के लक्ष्य पूरे करने के लिए अधिकारी नियमित रूप से करें मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्य में उदासीनता बरतने वाले राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए उनके निराकरण में तेजी लाएं, ताकि आमजन को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

आसीएमएस रिपोर्ट के अनुसार सीहोर जिला कुल राजस्व प्रकरणों के निराकरण के मामले में 7 अक्टूबर 2026 की स्थिति में प्रदेश में 5 स्थान पर तथा भोपाल संभाग में प्रथम स्थान पर है। कुल 40085 प्रकरणों में से 34363 प्रकरणों का निराकरण किया गया जो कि 85.73 प्रतिशत हैं। जिले में कुल 7024 सीमांकन के प्रकरणों में 6997 प्रकरणों का निराकरण किया गया जो कि 99.88 प्रतिशत है। इसी प्रकार नामान्तरण के 16302 प्रकरणों में से 13755 प्रकरणों का निराकरण किया गय जो कि निराकरण का प्रतिशत 84.38 है। बंटवारें के 3159 में 2533 प्रकरणों का निराकरण किया गया जो की निराकरण का 80.18 प्रतिशत है।

सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई के प्रकरणों को प्राथमिकता से करें निराकृत

कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई के अधिकांश आवेदन सीधे आमजन की समस्याओं से जुड़े होते हैं। इसलिए अधिकारियों का दायित्व है कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए आवेदक को राहत पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में केवल औपचारिकता न हो, बल्कि आवेदक की समस्या का संतुष्टिपूर्ण समाधान किया जाए। टीएल प्रकरणों की समीक्षा के दौरान भी कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भू-अर्जन के लंबित मामलों को शीघ्र पूरा करें

भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले में विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन के जो भी मामले प्रक्रिया में हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन की प्रक्रिया समय पर पूरी होने से संबंधित परियोजनाओं को प्रारंभ करने में गति आएगी और विकास कार्यों का लाभ आमजन को जल्द मिल सकेगा। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई समय-सीमा में पूरी करें। जिन प्रकरणों में किसी स्तर पर समस्या या तकनीकी कठिनाई है, उसका संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर निराकरण किया जाए।

विभिन्न विभागों व विकास परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाएं

भूमि आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि विभिन्न विभागों एवं विकास परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों में राजस्व विभाग और संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि आवंटन के लिए आवश्यक सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी की जाएं, ताकि पात्र विभागों एवं परियोजनाओं के लिए शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहें। राजस्व अधिकारी संबंधित विभागों से निरंतर संपर्क में रहकर आवश्यक दस्तावेज एवं कार्रवाई पूर्ण कराएं।

जिले के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी बनाने में लाएं तेजी

फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाए, ताकि किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों के लिए महत्वपूर्ण है और इसके संबंध में किसानों को लगातार जागरूक किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से पूरा कराया जाए। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि किसानों को फार्मर आईडी के महत्व और उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान समय पर अपना पंजीयन पूरा करा सकें।

निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली सुनिश्चित करें: राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की कार्रवाई की जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक माह के लिए राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली की नियमित समीक्षा की जाए तथा जिन क्षेत्रों में वसूली की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष प्रयास किए जाएं। अधिकारियों को वसूली कार्य में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वन व्यवस्थापन एवं वन ग्रामों के संपरिवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाएं

वन व्यवस्थापन एवं वन ग्रामों के राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित कार्रवाई को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि दोनों विभाग नियमित रूप से समन्वय बैठक कर प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करें और आवश्यक कार्रवाई को आगे बढ़ाएं, ताकि वन ग्रामों के राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी की जा सके।

न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत करें

उच्च न्यायालय, सिविल न्यायालय एवं अवमानना के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों में समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकरण में निर्धारित समय-सीमा प्रभावित न हो। उन्होंने न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का समय पर पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी न्यायालयीन प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक मामले की अद्यतन स्थिति से अवगत रहें तथा आवश्यक कार्रवाई में किसी भी प्रकार की देरी न करें

घरों पर मंडरा रहा मौत का साया बिजली कंपनी नहीं दे रही ध्यान





हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र में बिजली व्यवस्था इस समय काफी बदहाल स्थिति में है। आड़े-तिरछे और जर्जर खंबों एवं तार के भरोसे बिजली की सप्लाई की जा रही है। इतना ही नहीं अंचल के कई गांवों में तार जमीन से कुछ फीट की उंचाई पर घरों पर झूल रहे हैं। हवा में झूलते इन तारों से अक्सर हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को खौफ के साए में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार बिजली कंपनी के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन वह ध्यान नहीं दे रहे हैं। गुरुवार को गांव झरखेड़ा के ग्रामीणों ने एक बार फिर इछावर पहुंचकर कंपनी के कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की।

जनपद सदस्य प्रतिनिधि चुन्नी लाल जाट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण इछावर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एई को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि रहवासी मकानों के ऊपर बिजली के तार हवा में झूल रहे हैं। जिनमें जरा सी हवा चलने पर स्पार्किंग होकर चिंगारियां निकलने लगती है। इससे घरों में आगजनी की आशंका बनी हुई है, वहीं कुछ जगह निर्माण के दौरान बांस की बल्लियों के सहारे तारों को टांगा गया है। ऐसे में कभी भी हादसा होने की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। आवेदन में बताया गया कि गांव में कई परिवारों के रहवासी मकानों के ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। तारों के नीचे होने के कारण ग्रामीणों की आवाजाही के दौरान भी खतरा बना रहता है। विशेष रूप से बच्चों और निर्माण कार्य करने वाले लोगों के लिए दुर्घटना की आशंका अधिक है। ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों से मांग की है कि ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौके का निरीक्षण कर जल्द से जल्द विद्युत तारों को सुरक्षित स्थान पर व्यवस्थित किया जाए। आवेदन की प्रतिलिपि ऊर्जा मंत्री, जिला कलेक्टर सीहोर एवं विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को भी भेजी गई है।

पोर्टल बंद होने से शिकमी/कोट पर जमीन लेने वाले किसानों का पंजीयन अटका, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

रेहटी। तहसील रेहटी क्षेत्र के अंतर्गत शिकमी व कोट पर जमीन लेकर धान की खेती करने वाले किसानों का सेवा सहकारी समिति में पंजीयन नहीं हो पा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर नजदीक आने के बावजूद पोर्टल बंद होने से परेशान किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान और तिथि बढ़ाने की मांग की है।



किसानों ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2026-27 के लिए काश्तकारों से भूमि शिकमी पर लेकर धान की फसल बोई है। वे विगत कई दिनों से सेवा सहकारी समिति और ऑनलाइन दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते शिकमी/कोट का पोर्टल चालू नहीं हो पा रहा है। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में उन्हें समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिलेगा और भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने मांग की है कि तकनीकी खामी दूर कर पोर्टल जल्द चालू कराया जाए और पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। इस संबंध में ज्ञापन सौंपने बड़ी संख्या में किसान रेहटी तहसील पहुंचे, ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, कलेक्टर सीहोर तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बुधनी को भी भेजी गई है।

कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, आयोग के खिलाफ नारेबाजी की

इछावर। गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। साथ ही आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलवान पटेल, शहर अध्यक्ष सादिक मेव, पार्षद जुनैद खान, पार्षद राधेश्याम सेमलिया ब्लॉक कोषाध्यक्ष नरेंद्र मकरेया, मीडिया प्रभारी अंकित चंद्रवंशी, महेश राठौर राजकुमार ठाकुर, अखिलेश बामनिया, कृपाल वर्मा, राजेंद्र ठाकुर रामनगर , भोला ठाकुर, वसीम मंसूरी, राजा मंसूरी, सुनील चांडक आदि उपस्थित थे।



बढ़ियाखेड़ी में आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा नवरात्रि पर्व

अटल नव दुर्गा उत्सव समिति कराएगी भजन संध्या, डमरू आरती, गरबा और महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बढ़ियाखेड़ी स्थित अटल पार्क में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अटल नव दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में क्षेत्रवासियों के सहयोग से शारदीय नवरात्रि पर्व आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नौ दिवसीय नवरात्रि के दौरान अटल पार्क में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में समिति के संरक्षक एवं समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

नवरात्रि पर्व को लेकर अटल पार्क को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। समिति द्वारा पार्क में रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है, जिससे पूरा परिसर नवरात्रि के रंग में रंगा नजर आएगा। मां दुर्गा की स्थापना के साथ प्रतिदिन धार्मिक वातावरण में विशेष पूजन-अर्चन और आरती की जाएगी।

समिति के अनुसार नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव के दौरान भजन संध्या, डमरू आरती, गरबा और महाआरती सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गरबा आयोजन में क्षेत्र की महिलाएं, युवतियां और युवा उत्साहपूर्वक शामिल होंगे।

वहीं भजन संध्या के माध्यम से श्रद्धालु मां भगवती की भक्ति में सराबोर होंगे। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन आयोजित होने वाली मां की आरती सहित अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परिवार सहित शामिल होने की अपील की है। समिति ने कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से इस वर्ष नवरात्रि पर्व को और अधिक भव्य एवं यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

नशामुक्ति सप्ताह के समापन पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2026 तक आयोजित नशा मुक्ति सप्ताह का जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम सीहोर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. सुरेंद्र मेवाड़ा उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में सहायक संचालक आकाश गोयल, रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल एवं वसुंधरा वेलफेयर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, संस्था प्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नशे से होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी हानियों की जानकारी देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत जिले में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, नशा मुक्ति संदेश आधारित रैली, प्रश्न मंच, स्लोगन एवं अन्य प्रतियोगिताएं, ग्राम एवं वार्ड स्तर पर जागरूकता गतिविधियां तथा e-Pledge के माध्यम से नशा मुक्ति की शपथ जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए नशे के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान को निरंतर जारी रखने का संदेश दिया।

फलौदी सुपर बाजार में भीषण आग, व्यापारी ने किया 50 लाख के नुकसान का दावा

आग से नाराज व्यापारियों ने दुकानें बंद की, विरोध प्रदर्शन किया, चक्काजाम कर नपा में जड़ा ताला



फटा था दमकल का होज पाइप, लोगों ने खुद संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

बुधवार सुबह गायत्री कॉलोनी स्थित फलोदी सुपर बाजार में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखा किराना, खाद्य तेल, कॉस्मेटिक सामान और नवरात्रि की बिक्री के लिए एक दिन पहले ही लाया गया नया माल जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक शीर्षक उर्फ जीतू गुप्ता ने करीब 50 लाख रुपए के नुकसान की बात कही है। आग की घटना के बाद दमकल व्यवस्था को लेकर नगर परिषद के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया। दुकानदार और प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि सूचना के करीब आधे घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची। दमकल का होज पाइप फटा हुआ था और पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बन रहा था। लोगों को खुद पाइप संभालकर आग बुझाने में मदद करनी पड़ी। बाद में जीरापुर से दूसरी दमकल और निजी पानी के टैंकर बुलाए गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार नगर परिषद की दमकल पहुंची तो उसका होज पाइप क्षतिग्रस्त था। पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बनने से आग पर प्रभावी तरीके से पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने खुद पाइप संभाला और पानी दुकान तक पहुंचाने का प्रयास किया।आग बढ़ती देख पीछे की ओर से टिन शेड तोड़कर पानी अंदर डालने की कोशिश भी की गई। बाद में जीरापुर से दूसरी दमकल और निजी पानी के टैंकर बुलाए गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था। आग से टिन शेड भी क्षतिग्रस्त हुआ।

एसडीएम के सामने छलका दुकानदार का दर्द

आग बुझने के बाद एसडीएम ज्योति राजोरिया मौके पर पहुंचीं। इस दौरान दुकानदार ने दमकल व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। वह भावुक होकर एसडीएम से दमकल के फटे पाइप की शिकायत करते हुए नुकसान की बात कहने लगा।दुकानदार ने करीब 50 लाख रुपए के नुकसान का दावा करते हुए कहा कि यदि दमकल की व्यवस्था समय पर और सही स्थिति में होती तो नुकसान कम हो सकता था। उसने प्रशासन से मामले की जांच और उचित राहत की मांग की।

नगर परिषद कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारी, गेट पर लगाया ताला

आग की घटना के बाद स्थानीय लोगों में नगर परिषद की दमकल व्यवस्था को लेकर आक्रोश बढ़ गया। लोग नारेबाजी करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कार्यालय में दो कर्मचारियों के अलावा कोई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद नहीं था।लोगों ने कार्यालय के अंदर नारेबाजी की और बाद में मुख्य गेट पर ताला लगा दिया।

व्यापारियों ने दुकानें बंद कर लगाया जाम

घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग प्रदर्शन में शामिल हो गए। कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। प्रदर्शनकारी जीरापुर रोड पर बैठ गए, जिससे सड़क पर बसों और ट्रकों की कतार लग गई तथा यातायात प्रभावित हुआ।प्रदर्शनकारियों ने दमकल व्यवस्था की जांच, लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय करने और दुकानदार को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन से कार्रवाई का आश्वासन मांगा। स्थिति को देखते हुए खिलचीपुर टीआई कमल सिंह गेहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। बाद में भोजपुर, जीरापुर, बोड़ा और कालीपीठ थानों के पुलिस बल के साथ पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त बल बुलाया गया। तहसीलदार अनिल शर्मा, नायब तहसीलदार और टीआई कमल सिंह गेहलोत ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। बाद में एसडीएम ज्योति राजोरिया भी मौके पर पहुंचीं। करीब दो से ढाई घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद राजगढ़ से डिप्टी कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे।प्रशासन ने आग की घटना और दमकल व्यवस्था की जांच के लिए टीम गठित करने तथा दुकानदार को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने के लिए कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और जीरापुर रोड पर यातायात बहाल हो सका।

शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच के बाद स्पष्ट होगा कारण

प्रारंभिक जानकारी में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार गायत्री कॉलोनी में दुकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की केबल कई जगह से कटी हुई है। हालांकि आग का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।जांच में आग लगने के कारण के साथ दमकल के मौके पर पहुंचने में लगे समय, दमकल की तकनीकी स्थिति और पानी के प्रेशर सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की जाएगी।

अनिश्चितकालीन हड़ताल

जांच सेवाएं कर दी बंद, पैथोलॉजी लैब संचालक चाहते मांगों का निराकरण



समस्याओं का निराकरण नहीं होता, तब तक पैथोलॉजी लैब संचालकों द्वारा नियमित सेवाएं स्थगित रखी जाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पैथोलॉजी लैब संचालकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सारंगपुर पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। एसोसिएशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगपुर के सीबीएमओ को सौंपे गए आवेदन में हड़ताल की सूचना दी गई है। हड़ताल के चलते नगर की समस्त संबंधित पैथोलॉजी लैबों में नियमित जांच सेवाएं बंद रखी गईं। एसोसिएशन के आवेदन के अनुसार पूजा पैथोलॉजी लैब, सारंगपुर को सील किए जाने एवं पैथोलॉजी लैबों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 7 अक्टूबर से सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। हालांकि लैब संचालकों ने अब अनिश्चितकालीन रूप से सेवाएं बंद रखने की बात कही है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होता, तब तक संबंधित पैथोलॉजी लैब संचालकों द्वारा नियमित पैथोलॉजी सेवाएं स्थगित रखी जाएंगी। हड़ताल को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संचालित करने की बात भी आवेदन में कही गई है। बुधवार को हड़ताल के कारण सारंगपुर में निजी पैथोलॉजी जांच सेवाएं प्रभावित रहीं। विभिन्न जांचों के लिए निजी लैब पहुंचने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों को जांच के लिए अस्पताल अथवा अन्य उपलब्ध विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ा। एसोसिएशन ने सीबीएमओ को आवेदन देकर हड़ताल की पूर्व सूचना देते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/ मंदसौर

वोट चोरी के गंभीर आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे , लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी , प्रियंका गांधी एवं सांसदों के शांतिपूर्ण मार्च को रोके जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा देशभर में विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी शामगढ़ द्वारा 08 अक्टूबर को काला दिवस के रूप में मनाते हुए लोकतंत्र एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव हनुमान मंदिर के



सामने स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण से हुई।

इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला, जो स्टेशन रोड, सिनेमा रोड एवं आड़ा बाजार होते हुए सब्जी मंडी चौराहे पर पहुंचा। यहां कांग्रेसजनों ने वोट चोरी के आरोपों एवं लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा पुतला फूंका। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह पंवार एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. शौकत मंसूरी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के मताधिकार से बड़ा कुछ नहीं है। मतदाताओं के अधिकारों और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता से जुड़े सवालों पर निर्वाचन आयोग को जवाबदेही तय करते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान और मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार जब तक ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नही हो जाता संघर्ष करती रहेगी।

गणेश उत्सव व नवदुर्गा उत्सव समितियों अखाड़ा के गुरु का होगा सम्मान

दशहरा महोत्सवः परंपरागत होगा रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

रामलीला एवं दशहरा उत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक धर्मशाला हनुमान मंदिर में मंगलवार को शाम सात बजे हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां पर हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए मोहन शर्मा ने कहा कि रामलीला का मंचन गुरुवार रात्रि 8 बजे से प्रारंभ हो होगा वहीं दशहरा उत्सव का चल समारोह परंपरागत रूप से निकाला जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर नगर पालिका द्वारा भी समस्त तैयारी कर ली गई है रावण के पुतले का निर्माण तथा आतिशबाजी की निवेदिताएं भी स्वीकृत हो चुकी है रावण के पुतले का निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। थावरिया स्थित रघुनाथ जी का चल समारोह शाम चार बजे प्रारंभ होगा हिंदू उत्सव समिति के सभी



सदस्यों से आग्रह किया गया है कि सभी सदस्य गण पदाधिकारी 3बजे रघुनाथजी के मंदिर पहुंचे जहां पर आरती के पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी के साथ ही रघुनाथजी महाराज का चल समारोह बैंड बाजे ढोल तथा अखाड़े के साथ प्रारंभ होगा जो शाम 7बजे दशहरा मैदान पहुंचेगा जहां पर संचालित अखाड़ा के गुरुओ का सम्मान वहीं पर किया जाएगा। साथ ही आकर्षक आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीराम द्वारा रावण दहन किया जाने के पश्चात हिंदू उत्सव समिति सदस्यों द्वारा आरती की जाएगी। हिंदू उत्सव समिति की बैठक में सभी बिंदुओं पर सिलसिले बार चर्चा के पश्चात सभी व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया जा चुका है।

वही इस बार गणेश उत्सव समिति तथा नवदुर्गा उत्सव समितियों को तथा रामलीला के कलाकारों को 12 अक्टूबर को पुरानी कोतवाली में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में रामलीला मंचन समिति सदस्य चेतन त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, जमात मंदिर महंत दीपेंद्रदास, नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन, विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भरत झवर, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, हिंदू उत्सव समिति सदस्य राजेश भंडारी, श्रीमती मंजुलता शिवहरे, सत्येंद्रसिंह राठौड़, रमेश मालवीय, शिव वैध, मुकेश गुप्ता, राजेंद्र उपाध्याय, नपा उपाध्यक्ष मनोज महावर, जितेंद्र शर्मा, अभिषेक गुप्ता, मनोज जितेन्द्र गुप्ता सहित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

जिला जेल में 3 दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला जेल मंदसौर में जेल प्रशासन एवं पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विशेष योग एवं ध्यान शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य बंदियों के सर्वांगीण शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था।जेल अधीक्षक यशवंत माझी ने जानकारी देते हुए बताया कि बंदियों के स्वास्थ्य संवर्धन एवं सकारात्मक जीवनशैली के विकास के लिए इस विशेष योग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि योग एवं ध्यान व्यक्ति के जीवन में अनुशासन,



मानसिक शांति, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। जेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बंदियों के व्यक्तित्व विकास एवं पुनर्वास में सहायता मिल सके।

शिविर में पतंजलि योगपीठ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं योग शिक्षक महेश कुमावत द्वारा बंदियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सूक्ष्म व्यायाम, योगिंग-जॉगिंग, सूर्य नमस्कार तथा विभिन्न योग क्रियाओं का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान बंदियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त एवं सकारात्मक जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर जेल प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बंदियों के साथ योग अभ्यास कर योग के प्रति अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में पतंजलि संस्था के गजेंद्र शर्मा, मुकेश पाठक एवं विशाल पोरवाल भी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर जेल अधीक्षक यशवंत माझी ने पतंजलि योगपीठ एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जी सकता है।

श्री सेन महाकुंभ में समाजसेवी चौहान का नागरिक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

देशभर के सेन समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से राजस्थान के भीलवाड़ा में दो दिवसीय राष्ट्रीय वैचारिक-अमृत मंथन श्री सेन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमेंटी देश के विभिन्न राज्यों से सेन समाज के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 1008 श्री सैनाचार्य श्री अचलानंदजी महाराज, जोधपुर पीठ एवं पूज्य डॉ. संपूर्णानंद गिरीजी महाराज, अलवर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय



सेन समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुखराज राठौर, भुसावल-महाराष्ट्र एवं राजस्थान केश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन मोरवाल ने की। महाकुंभ में देशभर के सेन समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से अखिल भारतीय संयुक्त सेन समाज परिसंघ की स्थापना को मूर्त रूप दिया गया। इसके लिए भीलवाड़ा के सुरेश कुमार सेन को राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के भोपाल संभाग से ओ.पी. सेन भोपाल, सुरेश चैहान राजगढ़ एवं कमलेश सेन विदिशा ने सहभागिता की। इस अवसर पर सामाजिक, खेल, पर्यटन एवं साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सारंगपुर के समाजसेवी सुरेश चैहान को नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मंच पर सारंगपुर का नाम गौरवान्वित करने पर समाजबंधुओं एवं इष्ट-मित्रों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका की अनदेखी के चलते परेशान हो रहे रहवासी, मच्छरों के प्रकोप से अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

एसडीएम निवास के पास, पेयजल टंकी और गरबा पंडाल स्थल पर कचरे का ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर एसडीम निवास के पास रहवासियों के लिए पीने के पानी की टंकी को भरने के लिए लगी ट्यूबेल के पास लगा कचरे का अंबार लगा हुआ है। नगर में नवरात्रि महोत्सव के लिए जगह-जगह झांकियों के स्टेज बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। लेकिन नगरपालिका की लचर सफाई व्यवस्था के कारण श्रद्धालु और आम नागरिक भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सबसे खराब हालातएसडीएम निवास के पास की हैं। इसी स्थल के समीप नवरात्रि की झांकी और गरबा महोत्सव के लिए स्टेज तैयार किया जा रहा है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा यहां सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और चारों तरफ कचरे के अंबार लगा है।



मातामंड मोहल्ला और शहीद कॉलोनी में गंदे नाले से बढ़ा बीमारियों का खतरा

नगर के मातामंड मोहल्ला और शहीद कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है। यहां स्थित गंदे नाले की लंबे समय से सफाई न होने के कारण नाले में जमा पानी पूरी तरह काला पड़ चुका है। सड़ते पानी और गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं जिससे आसपास के रहवासियों में डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बन गया है। इतना ही नहीं शहीद कॉलोनी में लगे कचरे के अंबार में 5 से 6 मवेशी गाय गंदगी और प्लास्टिक खाने को मजबूर दिखाई दिए।

वीआईपी रूट पर गंदगी और शौचालय का अभाव, यात्री परेशान

स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों की पोल राजगढ़ बायपास ब्रिज के नीचे खुलती दिखाई दे रही है। ब्रिज के नीचे कचरे का भारी अंबार लगा हुआ है। विडंबना यह है कि इसी रास्ते से आए दिन प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं का आना-जाना बना रहता है फिर भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। इसके अलावा राजगढ़ रोड भोपाल रोड और रेलवे चैराहे ब्रिज के पास कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं है। बायपास ब्रिज के नीचे से रोजाना सैकड़ों यात्री और वाहन गुजरते हैं। शौचालय और मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण विशेष रूप से बस से सफर करने वाले यात्रियों और महिला यात्रियों को बेहद शर्मिंदगी और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्रशासन से मांग की है कि नवरात्रि पर्व को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सफाई अभियान चलाकर कचरा हटवाया जाए नालियों में दवा का छिड़काव कराया जाए और प्रमुख चैराहों पर अस्थायी या स्थायी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की जाए।

इनका कहना है...

आपसे जानकारी मिली है शहर में जहां भी अव्यवस्था फैल रही है, उसको लेकर सीएमओ से बोलता हूं।

गोविंद दुबे एसडीएम ब्यावरा

खबर संक्षेप

हाथी पर होगा मां दुर्गा का आगमनः आनंद शर्मा



जावर। पंडित आनंद शर्मा ने शारदीय नवरात्र का महत्व, श्रद्धा और भक्ति के साथ मां भगवती की आराधना करने का आह्वान किया। धार्मिक मान्यताओं और ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस वर्ष मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा। धार्मिक परंपराओं में देवी का हाथी पर आगमन बेहद शुभ माना जाता है। हाथी को समृद्धि, स्थिरता और ऐश्वर्य का प्रतीक माना गया है। ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा के हाथी पर आगमन से अच्छी वर्षा, कृषि में उन्नति, सुख-समृद्धि, खुशहाली का वातावरण बन सकता है। विशेष रूप से कृषि प्रधान समाज में अच्छी वर्षा का विशेष महत्व है। पंडित आनंद शर्मा ने बताया कि 11 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ शुरू होने वाला शारदीय नवरात्र का पावन पर्व 20 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ संपन्न होगा। कहा कि नवरात्र केवल बाहरी उत्सव का पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर की शक्ति को पहचानने, मन को शुद्ध करने और मां भगवती के प्रति श्रद्धा को मजबूत करने का अवसर है। नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। मां शैलपुत्री से लेकर मां सिद्धिदात्री तक देवी के प्रत्येक स्वरूप में शक्ति, भक्ति और जीवन से जुड़े अलग-अलग संदेश समाहित हैं। यह पर्व श्रद्धालुओं को आत्मसंयम, सकारात्मकता और आध्यात्मिक साधना की प्रेरणा देता है।

पानी की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

पीएम आवास कॉलोनी के पांच सौ लोग पांच साल से पेयजल के लिए हो रहे परेशान

पेयजल समस्या को लेकर क्षेत्र की महिलाएं पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग पर बैठ गईं और चक्काजाम किया। अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान करने के आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गुरुवार को पीएम आवास कॉलोनी की महिलाओं ने पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। महिलाएं केन और बोतलें लेकर पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग पर बैठ गईं और चक्काजाम कर दिया। अधिकारियों के 15 दिन में समस्या का समाधान करने के आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

5 साल से पानी की समस्या का आरोप

पीएम आवास कॉलोनी करीब 5 साल पहले बनी थी। यहां करीब 500 लोग रहते हैं। महिलाओं का आरोप है कि कॉलोनी में नल कनेक्शन होने के बावजूद पानी नहीं आता। टैंकर से एक दिन छोड़कर पानी मिलता है, जो जरूरत के मुकाबले कम पड़ जाता है। महिलाओं ने बताया कि पिछले दो दिन से पानी नहीं मिला है।

बुनियादी सुविधाओं की कमी का भी मुद्दा

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने पानी के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी का भी मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि कई बार विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ।

अधिकारी बोले, जल्द शुरू होगी सप्लाई

प्रदर्शन स्थल पर पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व पार्षद कालू भट्ट, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति और वार्ड पार्षद रवि शर्मा पहुंचे। अधिकारियों ने महिलाओं से चर्चा कर 15 दिन में नल सप्लाई शुरू करने और अन्य समस्याओं का जल्द समाधान करने का भरोसा दिया।

बड़ी पानी की टंकी का निर्माण जारी

नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा और सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि कॉलोनी में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बड़ी पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है और नल कनेक्शन भी हो चुके हैं। जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। शेष कार्य भी जल्द पूरे कराने की बात कही। पीएम आवास कॉलोनी के हरि मेवाड़ा और मजीद



खान ने बताया कि पानी सहित कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है। कई बार क्षेत्रीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ को समस्या बताई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि नल लग गए हैं, लेकिन पानी नहीं आ रहा है। इसी मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था। अधिकारियों ने 15 दिन में समस्या दूर करने का आश्वासन दिया है।

संभाग स्तरीय सुगम गायन में छात्रा ने दी प्रस्तुति

राज्य स्तर के लिए अनुश्री का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की कक्षा 7वीं की छात्रा अनुश्री ठाकुर ने अपनी मधुर आवाज़, शानदार प्रस्तुति से बालरंग प्रतियोगिता के संभाग स्तरीय चरण में सुगम गायन में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। अनुश्री की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ अब वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

संभाग स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करना अनुश्री की मेहनत, लगन और संगीत के प्रति समर्पण का परिचायक है। अनुश्री की सफलता में उसके निरंतर अभ्यास और प्रतिभा के साथ विद्यालय के संगीत शिक्षक पंकेश राव के मार्गदर्शन व प्रशिक्षण की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री राव ने अनुश्री को नियमित अभ्यास, गायन की बारीकियों और मंचीय प्रस्तुति के लिए निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे उसकी प्रतिभा को और निखरने का अवसर मिला। विद्यालय प्रबंधन ने अनुश्री की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकता है। अनुश्री की सफलता न केवल उसके लिए बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के निदेशक सैयद परवेज़ अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, डॉ योगेश पोपट, पायल अली, डॉ. संगीता सिन्हा, सैयद आदिल अली तथा संयुक्त निदेशक डॉ. एम. एन. सिंह ने अनुश्री ठाकुर एवं संगीत शिक्षक पंकेश राव को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अनुश्री के राज्य स्तरीय प्रदर्शन के लिए भी सफलता की कामना की। देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को विश्वास है कि अनुश्री अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करेगी।

महिला की मौत से बेसहारा हुआ परिवार, युवा संगठन ने उठाया अंतिम संस्कार का पूरा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बीमारी के चलते इंद्रा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 निवासी 40 वर्षीय शोभा बाई नाथ का निधन हो गया। परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। ऐसे में महिला की मौत के बाद परिवार के सामने अंतिम संस्कार तक की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया।

दुख की इस घड़ी में आष्टा युवा संगठन परिवार के लिए मदद का हाथ लेकर आगे आया। शोभा बाई अपने पीछे पति रमेश नाथ और पुत्र शेखर नाथ को छोड़ गई हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। रमेश नाथ के पैर में रॉड लगी होने के कारण वे नियमित मजदूरी करने में सक्षम नहीं हैं, वहीं पुत्र शेखर अभी छोटा है। परिवार कच्चे मकान में रहता है और बरसात के दिनों में भी परेशानियों का सामना करता है। शोभा बाई के निधन के बाद परिवार के पास अंतिम संस्कार के लिए भी पर्याप्त राशि नहीं थी। परिवार की इस स्थिति की जानकारी आष्टा युवा संगठन के अध्यक्ष आनंद गोस्वामी को मिली। उन्होंने तत्काल संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर परिवार की मदद करने का निर्णय लिया। संगठन ने शोभा बाई के अंतिम संस्कार का पूरा खर्च अपने स्तर पर उठाया। साथ ही परिवार को एक माह का आवश्यक राशन भी उपलब्ध कराया, जिससे परिजनों को इस मुश्किल समय में भोजन की चिंता से कुछ राहत मिल सके।

आष्टा युवा संगठन की इस पहल ने सामाजिक सेवा की एक संवेदनशील मिसाल पेश की है। संगठन ने यह संदेश दिया कि सेवा केवल आर्थिक सहायता देने तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवार के सबसे कठिन समय में उसके साथ मजबूती से खड़ा होना ही सच्ची मानवता है। महिला की मौत के बाद परिवार गहरे सदमे और आर्थिक संकट में है। ऐसे समय में संगठन द्वारा अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी उठाना और राशन उपलब्ध कराना परिवार के लिए बड़ी मदद साबित हुआ। जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए संगठन की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

आष्टा के सोशल ग्रुप ने वरघोड़े में जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



धरमपुर अखिल भारतीय जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की 16वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन गुजरात के धरमपुर तीर्थ में किया गया। कॉन्फ्रेंस के प्रमुख आकर्षण भव्य वरघोड़े में आष्टा जैन सोशल ग्रुप ने अपनी अभिनव एवं संदेशपरक प्रस्तुति के माध्यम से प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर आष्टा का गौरव बढ़ाया। आष्टा ग्रुप द्वारा मिस्र की ममी की अनूठी प्रस्तुति के माध्यम से "जागो जैन, जागो का प्रभावशाली संदेश दिया। ममी को जगाने की इस रचनात्मक प्रस्तुति ने पूरे वरघोड़े में विशेष आकर्षण पैदा किया और दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

आष्टा ग्रुप की प्रस्तुति की मुख्य सूत्रधार ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष डॉ दीपा सुराणा रही । फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश जी कोठारी द्वारा आष्टा ग्रुप के अध्यक्ष सलोनी चतरमुथा को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51, 000 की राशि एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। अखिल भारतीय जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अंतर्गत भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों में 125 से अधिक ग्रुप सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में देशभर के विभिन्न ग्रुपों का व्यापक समागम होता है, जिसमें परिचय, विचार-विमर्श के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अवार्ड समारोह आयोजित किए जाते हैं।आष्टा ग्रुप अक्षय सलोनी चतरमुथा के नेतृत्व में पूर्व अध्यक्ष अभिषेक- डॉ. दीपा सुराणा, अमरदीप-नेहा कोचर, प्रवीण-जया वोहरा, अमित-पूर्णिमा रूणवाल, विनोद-सारिका वोहरा, राहुल-महिमा सुराणा, नरेंद्र-सीमा चतरमुथा, सुमित-नेहा कोठारी, जय-रिमझिम वोहरा, प्रफुल-तमन्ना चोरड़िया आदि सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। धरमपुर तीर्थ श्रीमद् राजचंद्र मिशन ज्ञान, ध्यान और निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से आंतरिक परिवर्तन का संदेश देने वाला आध्यात्मिक आंदोलन है। गुरुदेवश्र राकेश द्वारा स्थापित यह संस्था छह महाद्वीपों में 142 केंद्रों के माध्यम से कार्यरत है। ग्रुप के अध्यक्ष अक्षय सलोनी चतरमुथा ने इस सफलता का श्रेय पूरी टीम की मेहनत, रचनात्मकता और समर्पण को दिया। आष्टा ग्रुप की इस शानदार उपलब्धि पर ग्रुप एवं आष्टा श्री संघ के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

स्वास्थ्य केंद्र से निकली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में नेत्र स्वास्थ्य एवं आंखों की देखभाल को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर अस्पताल के समस्त चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को आंखों की नियमित जांच कराने, नेत्र रोगों के प्रति सजग रहने तथा समय पर उपचार लेने का संदेश दिया गया। जागरूकता रैली में जावर के डॉक्टरों एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को आंखों की सुरक्षा एवं बेहतर दृष्टि के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी को नजरअंदाज न करें और समय रहते चिकित्सकीय परामर्श लें। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में स्वस्थ आंखें, बेहतर जीवन का संदेश देते हुए लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यही रहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति अपनी आंखों की देखभाल को प्राथमिकता दे और किसी भी नेत्र समस्या के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय सलाह प्राप्त करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर की इस पहल से विश्व दृष्टि दिवस पर आमजन को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का महत्वपूर्ण संदेश मिला।

फोर लेन के बाद नहीं बना बस स्टॉप, यात्री साल भर से परेशान, पार्षद ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



सीहोर। शहर में फोर लेन निर्माण के दौरान तोड़े गए टीनशेड वाले बस स्टॉप आज तक दोबारा नहीं बन पाए हैं। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 21 के पार्षद कमलेश कुशवाह ने इस संबंध में विधानसभा क्षेत्र सीहोर के विधायक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि हाउसिंग बोर्ड चौराहे पर बना बस स्टॉप फोर लेन निर्माण के कारण तोड़ दिया गया था। अब सड़क का काम पूरा हो चुका है, लेकिन स्टॉप नहीं बनाया गया। पार्षद ने बताया कि सर्दी, गर्मी और बरसात में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और रोजाना सफर करने वाले यात्री खुले में बस का इंतजार करने को मजबूर हैं। ज्ञापन में शीतल विहार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, चाणक्य पुरी, सत्य साईं कॉलेज पर तत्काल टीनशेड वाले बस स्टॉप बनवाने की मांग की गई है।

गोसेवा के लिए गोशाला को दान दी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के मुक्तिधाम स्थित मां पार्वती धाम गोशाला में गो माताओं के आहार एवं गोशाला निर्माण कार्य के लिए समाजसेवी राठौर परिवार द्वारा अपने पिता स्वर्गीय लाभमल राठौर की स्मृति में 11 हजार की दान राशि प्रदान की। इस अवसर पर रामचरण राठौर, देवकरण राठौर, फूल सिंह राठौर, राठौर समाज के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र राठौर, धर्मेंद्र राठौर सहित राठौर परिवार के सदस्यों ने मां पार्वती धाम गौशाला समिति को यह राशि प्रदान की। दान राशि समिति कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, उपाध्यक्ष किरण दीदी एवं समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व पार्षद को सौंपी गई। राठौर परिवार द्वारा गोशाला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का भगवान श्रीकृष्ण के नाम से अंकित वस्त्रों के दुपट्टे पहनाकर स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर मां पार्वती धाम गोशाला समिति की ओर से स्वर्गीय लाभमल राठौर की स्मृति में उनके परिवार के प्रमुख एवं मां वैष्णो देवी के भक्त समाजसेवी वीरेंद्र राठौर को श्रद्धांजलि पत्रक भेंट किया गया। समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने श्रद्धांजलि पत्र का वाचन करते हुए स्वर्गीय लाभमल राठौर की पुण्य स्मृति को नमन किया तथा देवतुल्य आत्मा के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मां पार्वती धाम गोशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व पार्षद ने कहा कि सनातन धर्म में गौ माता को पूजनीय एवं देवतुल्य माना गया है। गो माता की सेवा, उनके आहार की व्यवस्था और असहाय गोवंश की देखभाल करना पुण्य का कार्य है। राठौर परिवार ने अपने पूज्य पिता की स्मृति में गोशाला को 11 हजार रुपए की राशि प्रदान कर गोसेवा के साथ-साथ पुण्य स्मरण की सुंदर परंपरा को आगे बढ़ाया है। अंत में मां पार्वती धाम गोशाला समिति की ओर से राठौर परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया गया तथा स्वर्गीय लाभमल राठौर की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

राहुल गांधी पर कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने काला दिवस मनाया

काली पट्टी बांधकर और मौन धरना देकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दिल्ली में जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए जा रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी एवं इंडिया ब्लॉक के अन्य सांसदों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज एवं गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को आष्टा में कांग्रेसजनों ने स्थानीय सुभाष चौक स्थित सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष मौन धरना देकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने विरोधस्वरूप हाथों पर काली पट्टी बांधी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर की ओर जाने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा जिस तरह से लाठीचार्ज किया गया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार किया गया, वह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर की गई यह कार्रवाई लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि वह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक विरोध को भी सहन नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी। मौन धरने में पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, सोभालसिंह मुगली, कमलसिंह चौहान, सुनील सेठी, जाहिद गुड्डू, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगड़ा, नरेंद्र कुशवाह, सुभाष नामदेव, तौसीफउद्दीन, फैजुद्दीन, रामचरण दवारिया, नवाब मियाँ, मनीष डोंगरे, प्रदीप भाटी, आशिक़ मंसूरी, देवराज परमार, अर्जुन अजय, अमित पटेल, अखिलेश राजपूत, पल्लव प्रगति, संदीप ठाकुर, अंशु ठाकुर, टोनी जैन, राहुल पटारिया, नफीस शाह, अमजद पटेल, नितेश ठाकुर, दीपक गोस्वामी, जोगेन ठाकुर, हरि मेवाड़ा, अरसद अंसारी, महेश पटेल, कृपाल तोमर, सुरेन्द्र लसूड़लिया, राहुल लसूड़लिया, मुन्ना मसूद, महेश वर्मा, शंकर सक्सेना, रमेश विश्वकर्मा, सुरेश मालवीय, देवराज मालवीय, शंकर बोड़ाना, विनोद मालवीय आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

80 साल से चल रहा अखंड राम कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गांव मेहतवाड़ा में बरसों पुरानी पवन परंपरा श्रीराम सप्ताह अखंड कीर्तन का समापन हुआ। वर्षों से चली आ रही इस अटूट आस्था और भक्ति के सफर को इस वर्ष भी 12 मंडलों के मधुर कीर्तन और भजनों ने भक्तिमय वातावरण उत्पन्न किया। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण की दूध दही माखन मिश्री से निर्मित दही हांडी का रहा।

प्रत्येक वर्ष दही हांडी की बोली लगाई जाती है। जिसकी सबसे अधिक बोली होती है वही कान्हा बनकर मटकी फोड़ता है। इस वर्ष मटकी फूल सिंह व उनके पुत्रों के द्वारा फौड़ी गई। सभी भक्तों ने भगवान का चरण अमृत प्राप्त किया। यहां न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है बल्कि हमारे सनातन धर्म की एक जुटता और श्रद्धा का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में एवं भजन कीर्तन में नगर के सभी बुजुर्ग वरिष्ठ जन युवा साथी सभी किशोर के साथ-साथ सभी माता बहने भी सम्मिलित होकर कार्यक्रम को संपन्न किया। यहां आयोजन हम सभी को आपसी मतभेद भूलाकर एक सूत्र में बांधने का संदेश देता है। जब पूरा हिंदू समाज संगठित होकर एक जगह इकट्ठा होता है तो गांव की सुख समृद्धि और भाईचारा और अधिक मजबूत होता है।

इस कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष फतेह सिंह, गंगाराम सिंह, सज्जन सिंह, कृपाल सिंह, जीवन सिंह, मांगीलाल भगत एवं पुरी मंदिर समिति के साथ-साथ गोकुल प्रसाद शर्मा, जगदीश शर्मा, सतीश दुबे, शरद कुमार जैन एवं सभी नगर वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अके सिंह जागीरदार द्वारा किया गया।